Naidunia (Indore), 08th September 2026, Naidunia City, Page - I

आइआइटी इंदौर में शिक्षक दिवस पर चर्चा

एआइ युग में कक्षा शिक्षण: शिक्षकों में बदलाव भी जरूरी



इंदौर @ पत्रिका. एआइ के बढ़ते उपयोग के बीच कक्षा में शिक्षक की भूमिका और विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने पर आइआइटी इंदौर में चर्चा हुई। शिक्षक दिवस पर संस्थान के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आइआइटी बॉम्बे के प्रोफेसर एमेरिटस और पद्मश्री से सम्मानित प्रोफेसर जुजेर वासी रहे। 'एआइ के युग में कक्षा शिक्षण' विषय पर समूह चर्चा में जोर किया गया कि एआइ शिक्षण का विकल्प नहीं, बल्कि पढ़ाई को बेहतर बनाने का माध्यम बन सकता हैं। शिक्षकों को बदलती तकनीक के साथ अपनी शिक्षण पद्धति में भी बदलाव करना होगा। आइआइटी इंदौर ने इस वर्ष तीन श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार दिए। बड़े बैच में प्रोफेसर राजेश कुमार, डॉ. दिब्येंदु मंडल; मध्यम बैच में डॉ. स्वामीनाथन रामाबद्रन, डॉ. कैशवम रामालिंगम; तथा छोटे बैच में डॉ. विजय ए. एस., प्रोफेसर तुषार कांति मुखर्जी को सम्मानित किया गया। लगातार बेहतर शिक्षण के लिए प्रोफेसर अभिनव क्रांति को मानद पुरस्कार मिला। प्रोफेसर जुजेर वासी ने सवाल पूछने और संवाद को शिक्षा का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बताया। निदेशक प्रोफेसर सुहास जोशी ने शिक्षकों को बधाई दी।